# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 07.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज झारखंड और ओडिसा को जोड़ने वाली बूढ़ामरा–चाकुलिया समेत तीन रेल लाइनों की रखी आधारशिला।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड समेत देश भर में 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने के कैबिनेट के फैसले की प्रशंसा की, स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में सरकार का बड़ा फैसला बताया।**
3. **केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर, रांची में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से की मुलाकात, राज्य की शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा।**
4. **सुप्रीम कोर्ट ने रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर चुनाव आयोग को जारी किया नोटिस, अगली सुनवाई सात जनवरी को।**

**और**

5. **झारखंड समेत देशभर में आज मनाया जा रहा है सशस्त्र सेना झंडा दिवस, भारतीय सैनिकों के शौर्य और पराक्रम को किया जा रहा है याद।**

***********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज झारखंड और ओडिसा को जोड़ने वाली बूढ़ामरा– चाकुलिया समेत तीन रेल लाइनों की आधारशिला रखी। इनमें बांगड़ीपोसी से गौमाहीसानी और बड़मपहाड़ से केंदूझारगढ़ रेल लाइन भी शामिल हैं। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू ने कहा कि इन नई रेल लाइनों के शुरू होने से बेहतर कनेक्टिविटी से इन क्षेत्रों में नए व्यावसायिक अवसर खुलेंगे और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

***********************

केन्द्र सरकार ने पांच हजार 872 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से झारखंड समेत देशभर में 85 केन्द्रीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। साथ ही दो हजार 359 करोड 82 लाख रुपये की लागत से 28 नवोदय विद्यालय भी खोले जायेंगे। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इन प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को इसकी जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने से देश में लगभग 82 हजार 560 छात्रों को सस्ती, उच्च गुणात्मक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस निर्णय से पांच हजार 388 नियमित पदों का सृजन होगा।

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कैबिनेट के 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने के फैसले की प्रशंसा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्कूली शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार का यह बड़ा फैसला है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल विद्यार्थियों की बड़ी संख्या लाभान्वित होगी बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्कूली शिक्षा समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में हमारी सरकार ने देशभर में 28 नए नवोदय

विद्यालयों को भी मंजूरी दी है। इससे आवासीय और गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा का बड़े दायरे में विस्तार होगा।

**********************

केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज रांची स्थित राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल और केन्द्रीय मंत्री के बीच राज्य की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श हुआ। श्री प्रधान आज जमशेदपुर स्थित एक्सएलआरआई के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उनका रात्रि विश्राम का कार्यक्रम भी जमशेदपुर में ही है और वे कल दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**********************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ से अपराधियों ने 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। अपराधियों ने श्री सेठ के मोबाइल पर मैसेज भेजकर तीन दिनों के भीतर पैसे देने की मांग की है। पैसा नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गयी है। श्री सेठ ने रांची में मीडिया को बताया कि उन्होंने पूरी जानकारी पुलिस को दे दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**********************

सुशासन सप्ताह के अंर्तगत 19 दिसंबर से राष्ट्रव्यापी अभियान 'प्रशासन गांव की ओर' शुरू किया जाएगा। यह कार्यक्रम 24 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें देशभर के प्रत्येक जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अभियान में 700 से अधिक जिला अधिकारी भाग लेंगे और अधिकारी तहसीलों तथा पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे। यह तीसरी बार है, जब सरकार जनता की शिकायतों को दूर करने और सेवा प्रदान करने में सुधार के लिए तहसील स्तर पर एक राष्ट्रीय अभियान चला रही है। प्रशासन गांव की ओर अभियान सुशासन के लिए एक राष्ट्रव्यारपी आंदोलन होगा, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

**********************

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी और रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर पक्ष रखने का निर्देश दिया है। मंजूनाथ भजंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल कर हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें चुनाव कार्य से दूर रखे जाने के आदेश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई सात जनवरी को होगी।

**********************

झारखंड में पोलियो मुक्त स्थिति को बनाये रखने के लिए उच्च जोखिम वाले सात जिलों में कल से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इन जिलों में बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़ और साहेबगंज शामिल हैं। गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने सभी से अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

**********************

वर्ष 2024 अब अपने समापन की ओर है। इसके साथ ही राज्य के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का आना शुरु हो गया है। खूंटी जिले के जलप्रपात और प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को खूब भा रहा है। ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता।

***************************

आज सशस्त्र झंडा दिवस है। झारखंड समेत पूरे देश में यह दिवस समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है और सेना के शौर्य और पराक्रम को याद किया जा रहा है। यह दिन सैनिकों और पूर्व सैनिकों के सम्मान  के लिए समर्पित है। इस दिवस की शुरुआत 7 दिसंबर 1949 को हुई थी और इसका मुख्य उदेश्य सशस्त्र सेना के कल्याण के लिए धन इकट्ठा करना है।

**********समाप्त****************